आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

24 Feb 2016

# भारत-जापान सहयोग से रबड़ उद्योग को मिली ताकत

**जालंधर** | देश की रबड़ इंडस्ट्री से जुड़े 12-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की जापान यात्रा से भारत व जापान के बीच व्यापारिक रिश्तों को एक नई ताकत मिली है। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के सहयोग से जापान गये ऑल इंडिया रबर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आइरिया) के प्रतिनिधियों ने वहां के रबड़ उद्योग में व्यापार एवं निवेश के अवसरों का जायजा लिया। यात्रा का कोऑर्डिनेशन जापान स्थित भारतीय दूतावास ने किया था। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आइरिया के प्रेसीडेंट श्री मोहिंदर गुप्ता ने किया। प्रतिनिधिमंडल में विंको ऑटो इंडस्ट्रीज, स्वास्तिक रबड़, ओरिएंटल रबड़, एमेराल्ड रेसिलिएंट, पैरागॉन ग्रुप, केपीएम प्लास्टो, अलास्का रबड़, भारत एंटरप्राइजेज, विदित पॉलीमर्स, रिटेक्स रबड़, चंद्रा रबड़ के साथ-साथ आइरिया सेक्रेटेरिएट के सदस्य भी शामिल थे।